BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS

SENIOR SECONDARY|CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

POST MID TERM- (2024-25)

HINDI

Class: VIII | Duration : **1.00 Hrs**

Date : 08-01-2025 | Max. Marks: **25**

Admission No.: | Roll No.:

नोट :

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- **[5]**

एक प्राचीन विद्वान का वचन है - 'विश्वासपात्र मित्र से बड़ी रक्षा रहती है | जिसे मित्र मिल जाए, उसे समझना चाहिए कि खज़ाना मिल गया | ' विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषध है | हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी रखनी चाहिए कि वे हमें उत्तम संकल्पों से मजबूत करेंगे , दोषों और त्रुटियों से हमें बचाएँगे, हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे, जब हम हतोत्साहित होंगे, तब हमें उत्साहित करेंगे। सारांश यह है कि वे हमें उत्तमतापूर्वक जीवन निर्वाह करने में हर तरह से सहायता देंगे। सच्ची मित्रता में उत्तम से उत्तम वैद्य की सी निपुणता और परख होती है, अच्छी से अच्छी माता का-सा धैर्य और कोमलता होती है। ऐसी ही मित्रता करने का प्रयत्न प्रत्येक पुरुष को करना चाहिए।

(i) जीवन की औषध किसे कहा गया है?

(a) विश्वासपात्र मित्र को (b) अवसरवादी मित्र को

(c) स्वार्थी मित्र को (d) डरपोक मित्र को

(ii) 'मित्र' के लिए पर्यायवाची शब्द छाँटिए-

(a) सखा (b) भाई

(c) दुश्मन (d) रक्षक

(iii) ‘हतोत्साहित' का विपरीत शब्द छाँटिए-

(a) निरुत्साहित (b) निराशावादी

(c) आशावादी (d) उत्साहित

(iv) सच्ची मित्रता में निपुणता और परख किसकी तरह होती है?

(a) डॉक्टर की-सी (b) उत्तम से उत्तम वैद्य की-सी

(c) हकीम की-सी (d) नर्स की-सी

(v) जिसे सच्चा मित्र मिल जाए, उसे समझना चाहिए कि

(a) अधिक धन मिल गया (b) खजाना मिल गया

(c) सोना-चाँदी मिल गया (d) संसार मिल गया

प्रश्न.**2** रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए **:-** **[3]**

(i) कवि सम्मलेन में कवि और ---------- उपस्थित थे |

(ii) नाटक में नायक और ------- का अभिनय शानदार था |

(iii) शिष्य और ------ने गुरु जी को प्रणाम किया |

प्रश्न.**3.** दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए **:-** **[2]**

(i) बाग **,**

(ii) परिमल

प्रश्न.**4** दिए गए शब्दों के विशेषण बनाइए : **[1]**

(i) भारत

(ii) रोग

प्रश्न.**5** दिए गए वाक्यों में काल भेद को पहचानकर लिखिए | **[1]**

(i) कल वर्षा होगी |

(ii) बच्चे फूल तोड़ रहे हैं |

प्रश्न **6** दिए गए समरूपी भिन्नार्थक शब्दों को अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए **:-** **[2]**

(i) पका/ पक्का

(ii) परवाह /प्रवाह

प्रश्न 7 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [6]

(i) चीनी फेरीवाले की दो इच्छाएँ कौन-कौन थी? उसके स्वभाव की दो विशेषताएँ लिखिए |

(ii) कवयित्री ने जलियाँवाला बाग़ को शोक स्थान क्यों कहा है? यहाँ कौन -सी घटना घाटी थी ?

प्रश्न.8 आपका मित्र खेल -प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विदेश जा रहा है | उसे बधाई दते हुए पत्र लिखिए | [5]

अथवा

किसी ‘हेलमेट’ अथवा ‘कोल्ड क्रीम’ का विज्ञापन तैयार कीजिए |

****